तापमान
अधिकतम 41.5 डिग्री
न्यूनतम 21.8 डिग्री

हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शनिवार 18 अप्रैल 2026

12 अलावलपुर में तीन एकड़ में विकसित हो रही अवैध...

12 कांग्रेसियों का जनसमस्याओं के समाधान को लेकर प्रदर्शन


## खबर संक्षेप

### पूर्व पुलिस अधिकारी की मां ने किया सुसाइड

**धारूहेड़ा।** कस्बे की एक सोसायटी में एक वयोवृद्ध महिला ने शुक्रवार को फांसी लगाकर जान दे दी। वृद्धा एक रिटायर्ड पुलिस अधिकारी की मां बताई जा रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। सुसाइड के कारणों की जांच की जा रही है। लगभग 91 वर्षीय वृद्धा चंद्रो देवी धारूहेड़ा की एक सोसायटी में रह रही थी। शुक्रवार को वृद्धा ने बाथरूम के वेंटिलेटर के जंगले से चुन्नी से फंदा लगा लिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर जाकर शव कब्जे में ले लिया। सीन ऑफ क्राइम टीम को भी मौके पर बुलाया गया। बाद में पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस सुसाइड के कारणों की जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि वृद्धा एक रिटायर्ड पुलिस अधिकारी की मां है।

### युवक ने फांसी का फंदा लगाकर जान दी

**रेवाड़ी।** जैतड़ावास गांव में एक युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। आत्महत्या के कारणों की जांच की जा रही है। पुलिस को सूचना मिली थी कि लगभग 26 वर्षीय कमल ने अपने घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने के बाद रामपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। सीन ऑफ क्राइम टीम को भी मौके पर बुलाया गया। पुलिस को कोई सुसाइड नोट मौके से नहीं मिला। पुलिस के अनुसार युवक ने घरेलू कलह के चलते फांसी लगाकर जान दी है। बाद में पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर उसे परिजनों को सौंप दिया।

### शुक्रवार को सफाई शाखा कार्यालय में पूरे दिन खड़ा रहा खुले कचरे से भरा डंपर व ट्रैक्टर

# गाड़ियों को बिना कवर किए शहर से डंपिंग यार्ड पहुंच रहा कचरा, दुर्गंध झेल रहे लोग

- *कॉलोनियों में नहीं पहुंच रहीं कचरा कलेक्शन गाड़ियां*
- *सफाई व्यवस्था सुधरने के बजाय बिगड़ती जा रही*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

शहर की सफाई व्यवस्था सुधरने का नाम नहीं ले रही है। शहर की मुख्य सड़कों पर डाले जा रहे कचरे का समय पर उठान नहीं किया जा रहा है। मोहल्लों व कॉलोनियों में पूरी तरह डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन की गाड़ियां तक नहीं पहुंच रही है। डंपरों व ट्रैक्टरों में बिना ढके कचरे को बाजार से लोगों के बीच से ले जाया जा रहा है, जबकि कचरा वाहन को ग्रीन कपड़े से कवर करना जरूरी है। शुक्रवार को कचरे से भरा एक डंपर व ट्रैक्टर पूरे दिन महाराणा प्रताप चौक स्थित सफाई शाखा कार्यालय की बाउंड्री में बिना ढके खड़ा रहा, जिससे पूरे दिन दुर्गंध फैलने से लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। सड़कों पर डाले गए कचरे का दो-तीन दिन तक उठान तक नहीं हो रहा है, जिससे कचरा वापस सड़क पर फैल रहा है। सफाई व्यवस्था सुधरने के बजाय बिगड़ती जा रही है। नगर परिषद की लापरवाही के कारण गत वर्ष के तरह इस बार भी स्वच्छता सर्वेक्षण रैंकिंग बिगड़ने के पूरे आसार नजर आ रहे है। गत वर्ष शहर रैंकिंग में पिछड़ गया था। इस बार भी शहर की सफाई व्यवस्था सहित शौचालयों के हालत भी दयनीय बने हुए है। शहर में डोर-टू-डोर कचरा प्रबंधन का पांच साल के लिए 23.5 करोड़ का टेंडर होने के बाद भी शहर की सफाई व्यवस्था बिगड़ी हुई है।


रेवाड़ी। राव तुलाराम पार्क के सामने डंपिंग स्टेशन में बाहर तक डाला गया कचरा। फोटो : हरिभूमि

### डंपिंग स्टेशनों पर बाहर तक फैल रहा कचरा

समय पर उठान नहीं होने के कारण शहर के बीच में स्थित कचरा डंपिंग स्टेशनों पर गंदगी पड़ी रहती है। राव तुलाराम पार्क के पास स्थित कचरा डंपिंग स्टेशन व अग्रसेन चौक कचरा डंपिंग स्टेशन के आगे हर समय सड़क पर कूड़ा फैला रहता है, जिसमें पूरे दिन गोवंश मुंह मारते रहते है। कचरे में भारी मात्रा में पॉलीथिन ही नजर आती है।

### सफाई शाखा कार्यालय खुद बीमार

महाराणा प्रताप चौक स्थित सफाई शाखा कार्यालय सफाई के मामले में खुद बीमार है। कार्यालय की बाउंड्री के अंदर गंदगी जमा है। यहां तक कि डंपिंग स्टेशनों से कचरे का उठान करने के बाद ट्रैक्टर व डंपर घंटों तक सफाई शाखा कार्यालय में खड़े रहते है, जिससे कचरे की दुर्गंध हवा के साथ आसपास के क्षेत्र में फैल रही है। लोगों को दुर्गंध के बीच से गुजरना पड़ रहा है। अव्यवस्था के कारण लोगों के स्वास्थ्य पर भी असर पड़ रहा है। शुक्रवार को भी कचरे से भरा एक डंपर व ट्रैक्टर पूरे दिन कार्यालय की बाउंड्री में खड़ा रहा। शहर की सड़कों के किनारे भी धूल-मिट्टी व गंदगी के ढेर जमा है। सड़कों व चौराहों के किनारे से मिट्टी तक नहीं हटाई जा रही है। पिछले करीब डेढ़ महीने से डेढ़ करोड़ रुपये की स्वीपिंग मशीन कार्यालय में धूल फांक रही है। शहर के महाराणा प्रताप चौक से अनाजमंडी रोड, सरकुलर रोड, गढ़ी बोलनी रोड व बाइपास सहित सभी जगह सड़क किनारे मिट्टी के ढेर लगे हुए है। गर्मी के मौसम में अंधड चलने के कारण सड़क किनारे जमा धूल-मिट्टी उड़कर वाहन चालकों को परेशान कर रही है।

### टेंडर के बाद भी नहीं लगाईं पर्याप्त गाड़ियां

डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन का ठेका लेने वाले ठेकेदार पर टेंडर लेने के बाद से सवाल उठाए जा रहे है। ठेकेदार की ओर से फरवरी में टेंडर लेने के बाद से अभी तक शहर में पर्याप्त गाड़ियां तक नहीं लगाई गई है। वहीं कचरे का उठान करने के बाद डंपरों व ट्रैक्टरों को शहर की सड़कों से बिना ढके डंपिंग यार्ड तक ले जाया जा रहा है। कचरे से लबालब भरे ट्रैक्टर व डंपर लोगों के बीच से गंदगी फैलाते हुए बेधड़क गुजर रहे है। नगर परिषद की ओर से इस और कोई ध्यान तक नहीं दिया जा रहा है और नहीं एजेंसी पर कोई काईवाई की जा रही है।


रेवाड़ी। अनाजमंडी रोड पर सड़क किनारे जमा मिट्टी व गंदगी।


रेवाड़ी। शुक्रवार को सफाई शाखा कार्यालय की बाउंड्री में बिना ढके खड़ा कचरे से भरा डंपर व ट्रैक्टर। फोटो : हरिभूमि

### कचरा ले जाने वाले वाहनों की होगी जांच

डंपिंग स्टेशनों से रोजाना 10-12 वाहनों में कचरा लोड करके रामसिंहपुरा डंपिंग यार्ड में भेजा जा रहा है। चार-पांच दिन से विशेष सफाई अभियान चल रहा है। बिना कवर किए कचरा ले जाने वाले वाहनों की जांच की जाएगी। अनियमित्ता पाए जाने पर कार्रवाई होगी।
-कुशल कुमार, जेई, नगर परिषद रेवाड़ी।

# चोरी रोकने के लिए गांवों में ठिकरी पहरा व सीसीटीवी लगाने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डहीना

शुक्रवार को डहीना पुलिस चौकी में इंचार्ज एसआई विक्रम सिंह ने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए इलाके के मौजिज व्यक्तियों के साथ बैठक की। चौकी प्रभारी ने ग्रामीणों को विभिन्न अपराधों की जानकारी दी तथा उनसे बचाव सहित बढ़ते साइबर अपराध व नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया। इसके अलावा चोरी की वारदातों को रोकने के लिए गांवों में ठीकरी पहरा व उच्च गुणवत्ता के सीसीटीवी कैमरे लगाने की अपील की। इस मौके पर चौकी इंचार्ज ने बढ़ते साइबर अपराधों को लेकर कहा कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें और न ही अपना ओटीपी किसी से साझा करें। धोखाधड़ी होने पर तुरंत 1930 नंबर पर रिपोर्ट दर्ज करें। उन्होंने कहा कि यदि क्षेत्र में कोई भी व्यक्ति अवैध रूप से नशे का कारोबार करता है या नशा बेचता है, तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें।


रेवाड़ी। ग्रामीणों के साथ बैठक करते हुए चौकी प्रभारी।

### वारदात की सूचना डायल-112 पर तुरंत दें

चौकी प्रभारी ने कहा कि चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए अपने-अपने गांवों में नियमित रूप से ठीकरी पहरा लगाए ताकि चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सकें। इसके अलावा गांवों में शरारती तत्वों व संदिग्धों व्यक्तियों पर नजर रखे तथा इनकी सूचना तुरंत पुलिस को डायल-112 पर दे। पुलिस प्रशासन ऐसी सूचना पर जल्द और कड़ी कार्रवाई करेगा। उन्होंने मौजिज व्यक्तियों से गांवों में अधिक से अधिक उच्च गुणवत्ता के सीसीटीवी कैमरे लगाने की भी अपील की। उन्होंने कहा की ठीकरी पहरे के दौरान पुलिस गश्त की भी हर संभव मदद उपलब्ध कराई जाएगी।


रेवाड़ी। गेहूं की फसल में लगी आग बुझाते दमकल कर्मी। फोटो : हरिभूमि

# आग लगने से डेढ़ एकड़ गेहूं की फसल जलकर राख

हरिभूमि न्यूज. रेवाड़ी

नंदरामपुर बास में शुक्रवार को खेत में लगी आग से एक किसान की करीब डेढ़ एकड़ फसल जलकर राख हो गई। फायर ब्रिगेड ने मौके पर जाकर आग पर काबू पाया। पुलिस आगजनी के कारणों की जांच कर रही है। गांव के किसान श्याताज ने डेढ़ एकड़ जमीन में उगाई गेहूं की फसल कटाई करने के बाद खेत में ही छोड़ी हुई थी। फसल सुखाने के लिए गेहूं की पुलियां खेत में पड़ी थीं। ऊपर से गुजर रही बिजली की लाइन में शॉर्ट सर्किट होने फसल ने आग पकड़ ली। आग की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंच गई। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक फसल पूरी तरह जलकर राख हो चुकी थी। सूचना मिलने के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।

# जिले में नीट परीक्षा 3 मई को, डीसी ने व्यवस्थाओं को लेकर दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

जिला में होने वाली नीट परीक्षा की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को डीसी अभिषेक मीणा की अध्यक्षता में लघु सचिवालय के सभागार में बैठक आयोजित की गई। इस मौके पर डीसी ने अधिकारियों को परीक्षा के सफल एवं सुचारू संचालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इससे पहले नीट परीक्षा के आयोजन को लेकर हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने जिलों के डीसी व अन्य अधिकारियों को वीसी के माध्यम से सभी व्यवस्थाएं समय रहते सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डीसी मीणा ने कहा कि जिले में 3 मई को आयोजित होने वाली नीट परीक्षा के लिए सभी परीक्षा केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं जैसे स्वच्छ पेयजल, शौचालय, बिजली तथा बैठने की उचित व्यवस्था की जाए।


रेवाड़ी। नीट परीक्षा के संबंध में अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए डीसी अभिषेक मीणा। फोटो : हरिभूमि

उन्होंने कहा कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या बाधा को रोकने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाए। उन्होंने भीड़भाड़ को नियंत्रित करने के साथ ही यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए पुलिस को समुचित प्रबंध करने के निर्देश दिए, ताकि परीक्षार्थियों को समय पर केंद्र तक पहुंचने में कोई परेशानी न हो। डीसी ने धिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सीटीएम जितेंद्र कुमार और जिला शिक्षा अधिकारी बिजेंद्र हुड्डा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# तिथि भोज योजना का उद्देश्य बच्चों व महिलाओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाना : शालू यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से संचालित तिथि भोज योजना के तहत शुक्रवार गांव शहबाजपुर खालसा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में सामूहिक भोजन का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों, गर्भवती एवं अन्य महिलाओं को पोषण व स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में डिप्टी सीएमओ डा. भंवर सिंह, महिला एवं बाल विकास अधिकारी शालू यादव, ब्लॉक समिति सदस्य गोविन्द सिंह, सरपंच तथा सुपरवाइजर वंदना सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे। सभी ने लाभार्थियों के साथ बैठकर भोजन किया और योजना के उद्देश्य को आगे बढ़ाने का संदेश दिया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी वर्कर कविता, नीतू यादव और सुमित्रा ने कार्यक्रम में सहयोग दिया। जिला कार्यक्रम अधिकारी शालू यादव ने बताया कि तिथि भोज योजना का मुख्य उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों में समुदाय की भागीदारी बढ़ाना और बच्चों व महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाना है। उन्होंने कहा कि इस पहल के माध्यम से समाज के लोग सीधे तौर पर जरूरतमंदों से जुड़ते हैं, जिससे कुपोषण को दूर करने में मदद मिलती है।


रेवाड़ी। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी, महिलाएं व बच्चे।

डिप्टी सीएमओ ने बताया कि ऐसे आयोजनों में 5-6 बच्चों और 5 गर्भवती व धात्री महिलाओं को शामिल कर उनके साथ सामूहिक भोजन किया जाता है, जिससे आपसी जुड़ाव और अपनत्व की भावना मजबूत होती है। डिप्टी सीएमओ डा. भंवर ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों के पोषण स्तर में सुधार के साथ-साथ आंगनबाड़ी केंद्रों में सुविधाओं के विस्तार को भी गति मिल रही है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वे इस योजना में बढ़-चढ़कर भाग लें और समाज के कमजोर वर्गों के सहयोग के लिए आगे आएं, ताकि एक स्वस्थ और सशक्त समाज का निर्माण किया जा सकें।

### पूर्व मंत्री और विधायक से लेकर कई वरिष्ठ नेताओं ने बनाई दूरी

# कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन में 'अपनों' का विरोध राव के कार्यक्रम से वरिष्ठ नेताओं का किनारा

नरेन्द्र वत्स ▶▶ रेवाड़ी

जनसमस्याओं को लेकर शुक्रवार को कांग्रेस का प्रदर्शन और राज्यपाल के नाम ज्ञापन देने का कार्यक्रम एक बार फिर कांग्रेस की एकता को तार-तार करने वाला साबित हो गया। प्रदेशाध्यक्ष की अगुवाई में हुए इस कार्यक्रम से पार्टी के पूर्व मंत्रियों से लेकर पूर्व विधायक व उनके समर्थकों ने पूरी तरह दूरी बनाए रखी। सरकार के खिलाफ किए गए विरोध प्रदर्शन में राव नरेंद्र सिंह को एक तरह से 'अपनों' के ही अप्रत्यक्ष विरोध का सामना करना पड़ गया। गनीमत यह रही कि ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुभाष छावड़ी के प्रयास भीड़ जुटाने के मामले में सार्थक साबित हुए, जिससे प्रदेश के मुखिया की लाज बच गई। हालांकि कुछ नेताओं के शहर से बाहर होने की बात की जा रही है, लेकिन एक साथ कई नेताओं के बाहर चले जाने की बात हजम नहीं हो पा रही है। राज्यसभा चुनावों में क्रॉस वोटिंग के चलते पार्टी आरोपी विधायकों को बाहर का रास्ता दिखाकर अनुशासन का संदेश देने में आगे आई है। राव नरेंद्र सिंह 'डमी' की बजाय एक प्रभावशाली प्रदेशाध्यक्ष के रूप में मजबूती से कार्य कर रहे हैं। क्रॉस वोटिंग के बावजूद कांग्रेस प्रत्याशी की जीत के बाद राव फुल फोरम में नजर आ रहे हैं, परंतु उन्हें अहीरवाल में ही कुछ नेताओं के 'अप्रत्यक्ष' विरोध का सामना भी करना पड़ रहा है। विरोध के स्वर राव के सिर प्रदेशाध्यक्ष का ताज सजने के साथ ही मुखर होने शुरू गए थे। पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव ने उनकी ताजपोशी पर सबसे पहले नाराजगी जताई थी। बाद में उन्होंने पार्टी हाईकमान के निर्णय का सम्मान करने की बात कहते हुए चुप्पी साध ली थी। निकाय चुनावों को लेकर राव ने कैप्टन को चुनाव समिति की अगुवाई करने का मौका भी दिया है, लेकिन वर्तमान हालात में दोनों वरिष्ठ नेताओं के बीच तालमेल की कमी खुलकर देखने को मिल रही है। ऐसे में राव के लिए 'अपनों' से निपटने की चुनौती भी कम नहीं है।



रेवाड़ी। राव नरेंद्र की अगुवाई में किया जा रहा कांग्रेस का प्रदर्शन।

### जिलाध्यक्ष ने झोंकी प्रदर्शन में पूरी ताकत

कांग्रेस का यह कार्यक्रम ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुभाष छावड़ी की ओर से तय किया गया था। उन्होंने कार्यक्रम में भीड़ जुटाने के लिए जमकर पसीना बहाया। इस मुहिम में वह काफी हद तक कामयाब भी रहे। पूर्व मंत्री जसवंत सिंह बावल प्रदर्शन और ज्ञापन कार्यक्रम में भाग लेने वाले पार्टी के अकेले पूर्व मंत्री रहे। शहर जिलाध्यक्ष प्रवीण चौधरी भी कार्यक्रम में मौजूद रहे, लेकिन पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव, उनके बेटे पूर्व विधायक चिरंजीव राव, पूर्व मंत्री डा. एमएल रंगा और पूर्व मंत्री जगदीश यादव कहीं नजर नहीं आए।

### कार्यक्रम पहले ही किया जा चुका था तय



कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने 'हरिभूमि' से बातचीत में बताया कि कैप्टन अजय सिंह यादव ने बाहर होने की बात कहते हुए कार्यक्रम में शामिल होने में असमर्थता जाहिर कर दी थी। चूंकि जिला कमेटी की ओर से कार्यक्रम पहले से तय कर दिया गया, इसलिए इसमें फेरबदल की गुंजाइश नहीं थी। डा. एमएल रंगा तिरूपति गए हुए हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी के इस तरह के कार्यक्रमों में जिले के नेताओं को अपनी उपस्थिति दर्ज करानी चाहिए। जिला कमेटी की ओर से कार्यक्रम में अच्छी भीड़ जुटाकर सराहनीय कार्य किया है।



# यश ने रावण के कॉस्ट्यूम को बताया बहुत भारी

**मुंबई।** सिनेमाकॉन फेस्टिवल में शामिल हुए यश ने मीडिया से बातचीत में अपने रावण के कॉस्ट्यूम के बारे में खुलकर बात की। टीम ने काले और सुनहरे रंग के रावण के कॉस्ट्यूम को प्रदर्शनी के लिए रखा था। इसमें एक बड़ा सुनहरा मुकुट, बॉडी आर्मर, शोल्डर पैड और आर्म कफ शामिल था। यश ने बताया कि 'मैंने पहले कभी ऐसा कुछ नहीं किया। इस तरह के कॉस्ट्यूम और मुकुट पहनना, सच कहूं तो, काफी भारी था। हम इस बात को लेकर बहुत उत्सुक थे कि यह कैसा दिखेगा। असली जैसा लुक पाने की कोशिश में, यह आखिर में बहुत भारी हो गया। मुझे (शूट के) बीच-बीच में इसे उतारना पड़ता था। हालांकि यह बहुत शानदार था।' उन्होंने आगे कहा, 'एक बार जब आप कॉस्ट्यूम पहन लेते हैं, तो आप किरदार को महसूस करने लगते हैं। मेरे साथ हमेशा ऐसा ही होता है।

लाइफ Style



# पत्रलेखा


## बढ़े वजन पर कमेंट करने वालों को लताड़ा

एक्ट्रेस पत्रलेखा इस वक्त बुरी तरह भड़की हुई हैं। उन्होंने पपाराजी और पैप पेजेस को तगड़ी फटकार लगाई है, जिन्होंने हाल ही उन्हें बॉडी शेम किया और अजीबो-गरीब कमेंट्स किए। पत्रलेखा ने नवबंर 2025 में एक बेटी को जन्म दिया और उसके पांच महीने बाद वह हाल ही पति राजकुमार राव की फिल्म 'टोस्टर' की स्क्रीनिंग में नजर आईं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

पत्रलेखा के बढ़े वजन और बॉडी पर कुछ पेप पेजेस ने अजीब कमेंट्स किए, जिन पर एक्ट्रेस बिफर गईं और कहा कि उन्होंने अभी-अभी बच्चा पैदा किया है। कई नेटिजंस ने भी एक्ट्रेस को बॉडी शेम किया। पत्रलेखा ने पपाराजी को लताड़ते हुए इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट लिखा। साथ ही लोगों से अपील की कि वो थोड़ी सहानुभूति दिखाएं। उन्होंने लिखा, 'पैप पेजेस! मुझे क्या हो गया है? बात ये है कि मैंने अभी-अभी बच्चा पैदा किया है। हां, मेरा वजन बढ़ गया है, जो आप सबको अजीब लग रहा होगा। मैंने कोई पहाड़ नहीं खाया है। मैंने एक बच्चे को जन्म दिया है और साथ ही दो फिल्में प्रोड्यूस की हैं, जो आसान काम नहीं है।' मैंने अभी-अभी बच्चा पैदा किया है। मेरा वजन बढ़ गया है, जो आप सबको अजीब लग रहा होगा। मैंने कोई पहाड़ नहीं खाया है। मैंने एक बच्चे को जन्म दिया है और साथ ही दो फिल्में प्रोड्यूस की हैं, जो आसान काम नहीं है। पत्रलेखा ने आगे लिखा, 'अगर मेरे बस में होता, तो मैं ऐसी नहीं होती। लेकिन प्रेग्नेंसी के कारण मेरी बॉडी ने ऐसे ही रिएक्ट किया है। भगवान के लिए प्लीज थोड़ा दयालु होना सीखें।' पत्रलेखा के कॅरियर की बात करें, तो वह साल 2025 में फिल्म 'फुले' में नजर आई थीं, जिसमें उनकी एक्टिंग को खूब सराहा गया था। पत्रलेखा ने 9 जुलाई 2025 को प्रेग्नेंसी का ऐलान किया था और शादी की चौथी सालगिरह पर वह बेटी की मां बनीं।

## हॉलीवुड मसाला



# स्ट्रीट फाइटर से धमाकेदार हॉलीवुड डेब्यू

**लॉस एंजिल्स।** बॉलीवुड के एक्शन स्टार विद्युत जामवाल धमाकेदार हॉलीवुड डेब्यू करने वाले हैं। उनकी फिल्म स्ट्रीट फाइटर का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इसमें वह नोआ सेंटिनियो, जेसन मोमोआ और एंड्रयू कोजी जैसे सुपरस्टार्स के साथ एक्शन करते नजर आ रहे हैं। मेकर्स ने करीब 3 मिनट का जो ट्रेलर जारी किया है, उसमें भरदम लड़ाई और बॉक्सिंग रिंग से लेकर जिंदगी की जंग नजर आ रही है। यह फिल्म इसी साल 16 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। कहना होगा कि विद्युत जामवाल का लुक खतरनाक दिख रहा है। उनकी टोन्ड बॉडी और बाल्ड लुक पर फैंस अभी से दिल हार रहे हैं। डायरेक्टर किताओ सकुराई की यह फिल्म बेहद पॉपुलर वीडियो गेम 'स्ट्रीट फाइटर' पर आधारित है।



# स्टीवन ने की क्रिस्टोफर की जमकर तारीफ

लॉस एंजिल्स। 'इंटरस्टेलर' काफी पॉपुलर फिल्म है और दर्शकों द्वारा इस इसे काफी सराहा गया था। अब हॉलीवुड के दिग्गज फिल्ममेकर स्टीवन स्पीलबर्ग ने हाल ही में फिल्म 'इंटरस्टेलर' को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने क्रिस्टोफर नोलन की तारीफ की और कहा कि फिल्म उनके हाथों में आने के बाद 'काफी बेहतर'बन गई। एक इंटरव्यू में स्टीवन स्पीलबर्ग ने बताया कि फिल्म के शुरुआती दौर में वह करीब एक साल तक इस प्रोजेक्ट से जुड़े हुए थे। उन्होंने कहा, 'मैं 'इंटरस्टेलर' के साथ एक साल तक जुड़ा रहा। मुझे यह बहुत दिलचस्प लगा। मैं जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी भी गया, जहां मैंने वैज्ञानिकों और एयरोस्पेस इंजीनियर्स से लंबी बातचीत की।'उन्होंने आगे बताया कि जोनाथन नोलन ने फिल्म की शुरुआती स्क्रिप्ट पर काम किया था, लेकिन उनके निर्देशन में यह प्रोजेक्ट पूरी तरह बन नहीं पाया। स्टीवन स्पीलबर्ग ने एक दिलचस्प किस्सा भी शेयर किया। उन्होंने बताया कि जोनाथन नोलन ने उनसे कहा था, 'अगर आप यह फिल्म नहीं बनाएंगे, तो मैं जानता हूं कौन इसे बनाएगा- मेरा भाई क्रिस्टोफर नोलन।'स्टीवन ने आगे कहा, 'जैसे ही मैंने यह फिल्म न बनाने का फैसला किया, क्रिस्टोफर नोलन ने तुरंत इसे संभाल लिया।'



# किंग ऑफ पॉप को दिया अपने स्टाइल का श्रेय

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ ने शुक्रवार को माइकल जैक्सन को श्रद्धांजलि देते हुए एक खास डांस वीडियो अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया है। इस वीडियो में टाइगर किंग ऑफ पॉप माइकल जैक्सन के डांस स्टेप्स को करते नजर आ रहे हैं। यहां तक कि टाइगर ने उनके स्टाइल के कपड़े और हैट पहनी हुई है। बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ ने पॉप गायक माइकल जैक्सन को याद करते हुए उनके मशहूर गाने 'बिली जीन' पर डांस किया। उन्होंने इस वीडियो को इंस्टाग्राम पर शेयर किया। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि माइकल जैक्सन ने उन्हें डांस की हर वह चीज सिखाई है, जो वे आज जानते हैं। इस वीडियो में टाइगर मूनवॉक और लेग शफल जैसे माइकल के प्रसिद्ध डांस स्टेप्स करते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो के साथ टाइगर ने कैप्शन में लिखा, 'उन्होंने मुझे मूवमेंट के बारे में, स्टेज पर प्रेजेंस के बारे में और स्टेज को पूरा देने का मतलब क्या है।




# रामायण के बाद सिनेमाघरों में दस्तक देगी लव एंड वॉर

मुंबई। आलिया भट्ट, रणबीर कपूर और विक्की कौशल की अदाकारी वाली फिल्म 'लव एंड वॉर' की रिलीज डेट सामने आ गई है। यह फिल्म 'रामायण' के बाद रिलीज होगी। मेकर्स ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट की है। इसमें रणबीर कपूर के साथ आलिया भट्ट, विक्की कौशल और संजय लीला भंसाली नजर आ रहे हैं। पोस्टर पर लिखा है 'संजय लीला भंसाली की 'लव एंड वॉर' 21 जनवरी 2027 को रिलीज होगी।' फैंस कयास लग रहे थे कि फिल्म 'लव एंड वॉर', 'रामायण' से पहले रिलीज हो सकती है। हालांकि, ऐसा नहीं हुआ। रणबीर कपूर की अपकमिंग फिल्म 'रामायण' इस साल दिवाली से पहले अक्टूबर के आखिर में रिलीज हो सकती है। यह जानकारी फिल्म में रावण का किरदार निभा रहे यश ने दी है। इस साल दिवाली 6 नवंबर को है।

## टीवी मसाला



# क्योंकि सास भी कभी बहू थी ने निकाला अनुपमा का दम

नई दिल्ली। बीएआरसी की 14वें हफ्ते की टीआरपी रिपोर्ट आ गई है और पता चल गया है कि इस हफ्ते किसी टीवी शो का डंका बजा, किसने राज किया और टॉप-5 से किसका पत्ता कटा। इस हफ्ते की टीआरपी रेटिंग में जबरदस्त बदलाव देखने को मिला। जहां कुछ शोज की टीआरपी बढ़ गई, वहीं कुछ की व्यूरअरशिप नीचे फिसल गई। चौंकाने वाली बात यह है कि रुपाली गांगुली का 'अनुपमा' इस 14वें हफ्ते में टॉप-3 से भी बाहर हो गया है। वहीं, पहले नंबर पर एक बार फिर 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' का राज है, जबकि हाल ही बरखा बिष्ट ने यह शो छोड़ दिया। इस हफ्ते पहले नंबर पर 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' है। दर्शकों को मिहिर और नोइना की शादी का ट्रैक काफी पसंद आया। इसकी टीआरपी रेटिंग 2.0 है। दूसरे नंबर पर वसुधा है, जिसकी रेटिंग 1.9 है। यह टीवी शो तेलुगू टीवी सीरीज मुद्धा मान्दाराम का हिंदी रीमेक है और दर्शकों द्वारा खूब पसंद किया जा रहा है। इसमें अभिषेक शर्मा और प्रिया ठाकुर लीड रोल में हैं। वसुधा साल 2024 में शुरू हुआ था। तीसरे नंबर पर रवि दुबे और सरगुन मेहता का टीवी शो 'गंगा माई की बेटियां' हैं, जिसे दर्शक खूब प्यार दे रहे हैं। इस हफ्ते इसके टीआरपी रेटिंग 1.8 है। इसमें अमनदीप संधु, शीजान खान, सृष्टि जैन और शुभांगी लाटकर लीड रोल में हैं। यह टीवी शो साल 2025 में शुरू हुआ था। सबसे तगड़ा झटका रुपाली गांगुली के 'अनुपमा' को लगा है, जो फिसलकर चौथे नंबर पर आ गया है। यह काफी चौंकाने वाला भी है।

## मैं अपनी मर्जी से कन्वर्ट हुई : चाहत

**नई दिल्ली।** चाहत खन्ना ने इस्लाम धर्म को कुबूल करने पर एक बार फिर से अपनी बात रखी है। उन्होंने ये भी कहा कि अक्सर उनकी बातों को गलत तरीके से पेश किया जाता है। 'बड़े अच्छे लगते हैं' फेम चाहत ने अपनी शादी से पहले



इस्लाम धर्म अपनाने के अपने फैसले से लेकर इसके बाद पैदा हुई गलतफहमियों पर बातें कीं। उन्होंने हाल ही में एक इंटरव्यू में कहा कि इस्लाम धर्म अपनाने का फैसला उनका अपना था। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि ये उनका पर्सनल डिसिजन था। बता दें कि चाहत ने फरहान मिर्जा से शादी से पहले इस्लाम धर्म अपनाया था और फिर बाद में वो हिंदू धर्म में वापस लौट आईं। अपनी इस लेटेस्ट बातचीत में उन्होंने कहा कि उनकी बातों को अक्सर गलत संदर्भ में लिया जाता है, जिससे गलत खबरें फैलती हैं। चाहत खन्ना ने कहा, 'मैं सेक्युलर पर्सन हूं। मैं ईद और दिवाली दोनों ही सेलिब्रेट करती हूं। चाहे वो शादी के दौरान हो या बाद में, हां मैंने अपनी मर्जी से इस्लाम धर्म अपनाया था। कई लोगों ने कहा कि मुझे धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर किया गया था, लेकिन मैंने ये बातें कभी कही ही नहीं।' खन्ना ने कहा कि वो हर धर्म में यकीन करती हैं।

# डायरेक्टर ने मुझे देखा और चिल्लाकर कहा- दफा हो जाओ

**मुंबई।** बेटे जुनैद खान की फिल्म के प्रमोशन के लिए आमिर खान ने कमान हाथ में ले ली है। इसके लिए उन्होंने खुद अपने उस 'एक दिन' का किस्सा सुनाया है, जिसने उनकी जिंदगी में बड़ा बदलाव किया। उन्होंने आमिर खान प्रोडक्शंस के इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट साझा किया है। इसमें वे कह रहे हैं, 'कभी कभी एक दिन काफी होता है, आपकी जिंदगी बदलने के लिए। यह उस वक्त की बात है जब मैं कॉलेज में था और प्ले में हिस्सा ले रहा था। प्ले की रिहर्सल दो-तीन महीने चली। इंटरकॉलेज कॉम्पिटिशन से तीन या चार दिन पहले एक रिहर्सल थी और मैं जा नहीं पाया। किसी पॉलिटिकल पार्टी ने महाराष्ट्र बंद का ऐलान किया हुआ था। अम्मी ने मुझे घर से निकलने नहीं दिया। अगले दिन जब मैं रिहर्सल पर पहुंचा तो डायरेक्टर ने मुझे देखकर गुस्से में कहा, 'गेट आउट'।

## उस एक दिन ने मेरी जिंदगी बदल दी



मुझे जब प्ले से निकाला गया, तो जहां रिहर्सल चल रही थी, उसके सामने एक लॉन था। मैं वहां जाकर बैठ गया। बहुत अपसेट था। थोड़ी देर बाद मेरा दोस्त निरंजन थाणे आया। वह एफटीआई में स्टूडेंट था। उसके साथ कोई और भी था। थाणे ने मेरे से कहा कि यह मेरा दोस्त बंसल है। यह अपनी डिप्लोमा फिल्म बना रहा है, क्या तुम फ्री हो? उसमें एक्टिंग करनी है। मैंने कहा कि मैं अभी फ्री हुआ हूं। उसने कहा कि अभी के अभी पुणे जाना होगा, कल से शूटिंग है। मैं घर गया पैकिंग की और पुणे चला गया। उस फिल्म के बाद एक और स्टूडेंट था राजीव सिंह, जिसने मुझे अपनी डिप्लोमा फिल्म में लिया। केतन मेहता ने दूसरी फिल्म देखी और वो 'होली' बना रहे थे। होली में लिया। 'होली' फिल्म देखकर मंसूर और नासिर साहब को लगा कि इसमें बात है इसे 'कयामत से कयामत' में लिया जाए। उस एक दिन जब मुझे प्ले से निकाला गया, उस एक दिन ने मेरी जिंदगी बदल दी।

# हॉरर-कॉमेडी ने हंसाया-डराया, सोचने पर भी किया मजबूर

**नई दिल्ली।** सिनेमाघरों में अक्षय कुमार की हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'भूत बंगला'रिलीज हो चुकी है। इस फिल्म का क्लाइमैक्स दर्शकों को चौंकाता है, बहुत कुछ सोचने पर मजबूर करता है। बॉलीवुड में ऐसी कई फिल्में बनी हैं, जो हॉरर-कॉमेडी के जरिए दर्शकों को सोचने पर मजबूर करती हैं। इन फिल्मों में कोई ना कोई खास संदेश छिपा होता है।

## स्त्री ने उठाए कई सवाल

साल 2018 में रिलीज हुई फिल्म 'स्त्री'ने दर्शकों को खूब हंसाया और डराया भी। साथ ही इस फिल्म ने समाज की दकियानूसी सोच से पर्दा भी उठाया। रूढ़ीवादी समाज प्रेम करने वाली एक स्त्री के साथ बुरा व्यवहार करता है, उससे उसका प्रेमी छीन लेता है। बाद में वह चूड़ैल बनकर सबसे बदला लेती। आखिर में फिल्म महिलाओं को सम्मान देने की बात करती है। इसी तरह 'स्त्री 2' में विलेन यानी सिरकटा की सोच आधुनिक लड़कियों के लिए रूढ़ीवादी किस्म की है। वह आधुनिक सोच वाली लड़कियों को अपना शिकार बनता है। इस फिल्म में सिरकटा, समाज की उस सोच का प्रतीक है।



## भेड़िया की कहानी में छिपा मार्मिक संदेश

वरुण धवन और कृति सेनन स्टारर हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'भेड़िया' भी बढ़िया थी। इसने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। लेकिन यह फिल्म भी इंसान द्वारा पर्यावरण के शोषण की कहानी कहती है। फिल्म यही संदेश देती है कि हमें पर्यावरण के साथ संतुलन बिठाकर ही विकास करना चाहिए। जितना हक इस धरती पर हमारा है, उतना ही हक बाकी जीवों का भी है। यह फिल्म 2022 में रिलीज हुई थी और बॉक्स ऑफिस पर भी इसने अच्छा कलेक्शन किया था।

## भूल भुलैया ने शुरू की नई बहस

अक्षय कुमार अभिनीत भूल भुलैया साल 2007 में आई थी। इस फिल्म में विद्या बालन, शाइनी आहुजा, परेश रावल, राजपाल यादव जैसे कलाकार थे। फिल्म पहले एक हॉरर-कॉमेडी लगती है। लेकिन, क्लाइमैक्स में यह एक साइकोलॉजिकल फिल्म बन जाती है। इस फिल्म में मेंटल हेल्थ, ट्रॉमा जैसे मुद्दों पर बात की गई है। इस फिल्म ने बताने की कोशिश की थी कि भूत-प्रेत का साया सच में नहीं होता है।

## थिएटर जाने का मन नहीं है तो घर बैठे भी होगा भरपूर मनोरंजन

# ओटीटी पर इस वीकएंड रिलीज होंगी ये फिल्में और सीरीज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वीकएंड आ गया है। सिनेमाघरों में 'भूत बंगला' सज गई है। लंबे अंतराल के बाद कोई ऐसी एंटरटेनिंग फिल्म लगी है, जिसे परिवार के साथ देखने की योजना बनाई जा सकती है। क्रिटिक्स से इसे मिलीजुली प्रतिक्रिया मिली है। मगर, इस वीकएंड अगर थिएटर जाने का मन नहीं है, तो घर बैठे भी भरपूर मनोरंजन होगा।

### टोस्टर

राजकुमार राव और सान्या मल्होत्रा अभिनीत फिल्म टोस्टर इस वीक ओटीटी पर रिलीज हो चुकी है। इसे आप वीकएंड पर देख सकते हैं। यह एक डॉर्क कॉमेडी फिल्म है। राजकुमार और पत्रलेखा द्वारा निर्मित टोस्टर ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर बीते 15 अप्रैल को रिलीज हुई।

### रूममेट्स

यह हॉलीवुड फिल्म है। इसमें दोस्ती के रिश्ते को दिखाया गया है। इसमें सैडी सैंडलर और क्लो ईस्ट मुख्य भूमिका में हैं। यह कॉमेडी फिल्म है, जो शुक्रवार से ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है।



### मार्गो गॉट मनी ट्रबल

यह सीरीज 20 साल की कॉलेज ड्रॉपआउट लड़की की कहानी पर बेस्ड है। इसमें लीड रोल एले फैनिंग ने अदा किया है, जो अपने नवजात बच्चे का पालन-पोषण करने के लिए कुश्ती का सहारा लेती है। रूफी थॉर्प के उपन्यास पर आधारित इस सीरीज में निकोल किडमैन और निक ऑफरमैन भी हैं। यह 15 अप्रैल को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई।

**अल्फा मेल्स सीजन 5 और यूफोरिया सीजन 3:** इस वीक की ओटीटी लिस्ट में हॉलीवुड सीरीज 'अल्फा मेल्स' का पांचवां सीजन भी शामिल है। यह सीरीज 17 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध हो गई है। इसके अलावा वेब सीरीज'यूफोरिया सीजन 3 भी इस वीक रिलीज को तैयार है। तस्करी पर बेस्ड यह सीरीज को आप 19 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर देख पाएंगे।

### दो दीवाने शहर में

सिद्धांत चतुर्वेदी और मृणाल ठाकुर की यह फिल्म थिएटर्स के बाद अब ओटीटी पर भी आ गई है। फिल्म में इला अरुण, जॉय सेनगुप्ता और आयशा रजा मिश्रा भी अहम भूमिकाओं में हैं। फिल्म का निर्देशन रवि उद्यावर ने किया है। यह फिल्म शुक्रवार 17 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है।

### उस्ताद भगत सिंह

पवन कल्याण अभिनीत फिल्म उस्ताद भगत सिंह भी ओटीटी पर आ चुकी है। सिनेमाघरों में यह फिल्म धुरंधर 2 के साथ 19 मार्च को रिलीज हुई थी। मगर, बॉक्स ऑफिस पर खास प्रदर्शन नहीं कर पाई। इसमें श्रीलीला और राशि खन्ना भी अहम किरदार में हैं। फिल्म 'उस्ताद भगत सिंह' 16 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है।

### 'मटका किंग'

मटका किंग निर्देशक नागराज मंजुले की आगामी वेब सीरीज 'मटका किंग' काफी चर्चा में है। इसमें एक्टर विजय वर्मा लीड रोल में हैं। सीरीज में एक कपास व्यापारी के मटका किंग बनने के सफर को दिखाया गया है। मटका किंग से यहां आशय जुआ सरगना बनने से है। सीरीज में कृतिका कामरा, साईं ताम्हणकर, गुलशन ग्रोवर और सिद्धार्थ जाधव जैसे सितारे भी हैं। यह सीरीज शुक्रवार 17 अप्रैल को प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई है।

### अस्सी

तापसी पन्नू और कनी कुश्रुति अभिनीत फिल्म अस्सी इस साल फरवरी में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अगर आपने इसे थिएटर में नहीं देखा, तो अब ओटीटी पर देखने का सुनहरा मौका आ गया है। फिल्म का निर्देशन अनुभव सिन्हा ने किया। इसकी कहानी को दर्शकों की खूब तारीफ मिली।

## कहा- लव जिहाद का जाल सुशिक्षित समाज तक फैला, रहें सतर्क

# विहिप-बजरंग दल ने सौंपा समाज विरोधियों पर अंकुश लगाने को ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

शुक्रवार को विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने वर्तमान समय में व्याप्त गंभीर चुनौतियों और समाज विरोधी गतिविधियों को लेकर सरकार के नाम डीडीपीओ एचपी बंसल को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर विहिप के जिला अध्यक्ष राधेश्याम मित्तल ने कहा कि हाल ही में नासिक महाराष्ट के प्रतिष्ठित संस्थानों और उसके आसपास उजागर हुए प्रकरणों से स्पष्ट हैं कि लव जिहाद का जाल अब सुशिक्षित समाज और व्यावसायिक क्षेत्रों तक फैल चुका है। उत्तर प्रदेश के जिहादी छांगुर उर्फ जमालुद्दीन और उसकी महिला सहयोगी नसरीन ने अनेकों हिंदू कन्याओं का शारीरिक शोषण कर व धमकी देकर जबरन धर्मातरण कराया। उन्होंने कहा कि देश के विभिन्न नगरों में वन भूमि, सार्वजनिक भूमि, रेल विभाग एवं सेना की सुरक्षित भूमि पर सुनियोजित तरीके से अवैध कब्जे किए जा रहे हैं, जो सीधे तौर पर राष्ट्रीय सुरक्षा को चुनौती है।


रेवाड़ी। डीडीपीओ को ज्ञापन सौंपते हुए विहिव व बजरंग दल के कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

### नासमझ बालिकाओं का किया जा रहा शारीरिक शोषण

जिला मंत्री प्रमेश कुमार ने देश के सामाजिक ताने वाने को छिन्न-भिन्न करने वाली विकृत जिहादी मानसिकता के मुद्दे भी रखे। उन्होंने कहा कि मुस्लिम बाहुल क्षेत्रों में अल्पसंख्यक हिंदू परिवारों एवं जनजाति समाज की अवयस्क व नासमझ बालिकाओं का शारीरिक शोषण कर या तो उन्हें धर्म परिवर्तन के लिए विवश किया जाता है और अगर वे नहीं मानें तो वहां से पलायन करना पड़ता है। विहिप बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने ऐसे राष्ट्र द्रोही और आपराधिक व संकुचित मानसिकता वाले लोगों को चिह्नित कर उनके विरूद्ध राष्ट्र द्रोही धाराओं के अनुसार कठोरात्मक कार्यवाही करने की मांग की। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक एवं सरकारी भूमि पर हुए सभी अवैध कब्जों को चिन्हित कर तत्काल हटाया जाए। सब जिहाद और जबरन धर्मांतरण जैसे कृत्यों को रोकने के के लिए कठोर कानून लागू किया जाए। मुस्लिम बाहुल क्षेत्र व जनजातीय क्षेत्र में शोषण को रोकने के लिए विशेष सुरक्षा तंत्र विकसित किया जाए।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर राजकुमार, नरेंद्र जोशी, रामप्रसाद, पवन भारद्वाज, भगवान शास्त्री, अंशुल गुप्ता, भक्तमाल, शिवकुमार शर्मा, एडवोकेट मोनिका यादव, एडवोकेट गोकल चंद, एडवोकेट सुनीता व मोहित गोयल मौजूद थे।


रेवाड़ी। कार्यक्रम में मौजूद अतिथि, शिक्षक व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

# डा. आंबेडकर ने देश की सामाजिक व्यवस्था को नई दिशा दी : प्रो. सतीश

- डा. भीमराव आंबेडकर के जीवन एवं महिलाओं के सशक्तिकरण में योगदान पर व्याख्यान

▶▶| बाबा साहेब महिलाओं की प्रगति को समाज की प्रगति का मापदंड मानते थे

▶▶| आंबेडकर ने बाल विवाह, दहेज, बहुविवाह व सती प्रथा के विरुद्ध आवाज उठाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मीरपुर

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय में होटल एवं टूरिज्म मैनेजमेंट विभाग की ओर से प्रेरणादायक व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को डा. भीमराव अंबेडकर के संघर्षपूर्ण जीवन, सामाजिक न्याय के प्रति उनके अटूट समर्पण तथा महिलाओं के सशक्तिकरण में उनके योगदान से अवगत कराया गया।

इस मौके पर मुख्य वक्ता प्रो. सतीश ने कहा कि डा.अंबेडकर ने भारतीय संविधान के मुख्य निर्माता के रूप में देश की सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक व्यवस्था को नई दिशा प्रदान की। प्रो. सतीश ने बाबा साहेब के प्रसिद्ध नारे शिक्षित बनो, संगठित हो और संघर्ष करो पर जोर देते हुए छात्रों को प्रेरित किया कि शिक्षा और जागरूकता के माध्यम से ही समाज में समानता और न्याय स्थापित किया जा सकता है। डा. प्रियंका रंगा ने बाबा साहेब की ओर से महिलाओं के सशक्तिकरण में किए गए योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि डा. भीमराव महिलाओं की प्रगति को किसी भी समाज की प्रगति का मापदंड मानते थे। उन्होंने हिंदू कोड बिल के माध्यम से महिलाओं को संपत्ति में समान अधिकार, विवाह में स्वतंत्रता, तलाक का अधिकार, उत्तराधिकार का अधिकार तथा बच्चों की अभिभावकता जैसे क्रांतिकारी प्रावधानों की वकालत की। बाबा साहेब ने बाल विवाह, दहेज, बहुविवाह व सती प्रथा जैसी कुरीतियों के विरुद्ध आवाज उठाई और महिलाओं को शिक्षा, आर्थिक स्वावलंबन तथा राजनीतिक भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया। विभाग की अध्यक्ष प्रो. अदिति ने दोनों वक्ताओं का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डा. विक्रांत, डा. पवन डा. आरती व डा. नवनीत सहित अनेक विद्यार्थी उपस्थित थे।

### एक स्वस्थ मुंह, एक स्वस्थ जीवन पर भाषण स्पर्धा

रेवाड़ी। राष्ट्रीय मुख स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को दंत चिकित्सक डा. निर्मल बागोतिया की ओर से रामपुरा स्थित आरबीएस मॉडल पब्लिक स्कूल में मुख स्वास्थ्य एवं दांत संबंधित रोगों से बचाव को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एक स्वस्थ मुंह, एक स्वस्थ जीवन पर भाषण प्रतियोगिता भी कराई गई। दंत चिकित्सक डा. बागोतिया ने बच्चों व अध्यापिकाओं मुंह और दांतों को साफ रखने के लिए ब्रश करने का सही तरीका सिखाया। उन्होंने बताया कि पौष्टिक आहार, दूध और प्रोटीन युक्त भोजन करने से मुख और दांत स्वस्थ रहते हैं। वहीं उन्होंने मीठे व जंक फूड से बचने की सलाह दी।

### जमीन दिलाने के नाम पर वकील से 8 लाख की ठगी, केस दर्ज

नारनौल। शहर में जमीन दिलाने के नाम पर एक वकील से करीब आठ लाख रुपये की ठगी का पुलिस ने केस दर्ज किया है। इस मामले में सिंघाना रोड निवासी, जो नारनौल कोर्ट में वकील हैं, विजय सिंह ने पुलिस को दी शिकायत दी थी कि 15 नवंबर 2025 को उनकी मुलाकात गांव बापडोली निवासी राजेंद्र सिंह से हुई थी। राजेंद्र ने उन्हें आजमनगर क्षेत्र में एक जमीन सस्ते दाम में दिलाने का झांसा दिया। इसके बाद 18 नवंबर को वह विजय सिंह को जमीन दिखाने भी ले गया। आरोप है कि उसी दिन एग्रीमेंट कराने के नाम पर राजेंद्र ने उन्हें कोर्ट परिसर बुलाया, जहां जमीन के दस्तावेज दिखाकर भरोसा दिलाया गया। बाद में एक व्यक्ति को जमीन का मालिक दीपक बताकर बुलाया गया, जिसने एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किए। इस दौरान विजय सिंह से चार लाख रुपये का चेक और करीब चार लाख रुपये कैश और ऑनलाइन माध्यम से ले लिए गए। कुछ दिन बाद पीड़ित को पता चला कि एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर करने वाला व्यक्ति असली जमीन मालिक नहीं था, बल्कि किसी अन्य व्यक्ति को दीपक बनाकर पेश किया गया था। जब वह असली मालिक के पास पहुंचे तो पूरे मामले का खुलासा हुआ।

पीड़ित ने आरोप लगाया है कि राजेंद्र सिंह, जेपी और विकास उर्फ झोटा ने मिलकर धोखाधड़ी की है और अब पैसे लौटाने से भी इंकार कर रहे हैं।

# मुआवजे को लेकर एसडीएम से मिले किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जिला महेंद्रगढ़ के एचटी लाइन से पीड़ित किसानों की मार्केट रेट कमेटी के चेयरमैन–कम-एसडीएम अनिरुद्ध यादव से एक बैठक भारतीय किसान कामगार अधिकार मोर्चा के तत्वाधान में जिला प्रधान मनोज कुमार (गुढ़ा) के नेतृत्व में संपन्न हुई, जिसमें किसानों की कई मांगों को लेकर विचार-विमर्श हुआ, जिसमें किसानो की जमीन से गुजर रही खेतड़ी नरेला लाइन से संबंधित किसानों की लगभग 7-8 महीने से बार-बार जिला प्रशासन के पास किसानों द्वारा अपील करने पर भी कोई उचित कार्रवाई नहीं की जा चुकी है। एसडीएम ने किसानों को आश्वासन दिया कि आपकी समस्या का हर संभव समाधान किया जाएगा तथा जो भी कार्यवाही होगी, वह किसान हित को देखते हुए अमल में लाई जाएगी।

मनोज कुमार (गुढ़ा) ने बताया कि एसडीएम से उनकी किसान संबंधित मांगों को लेकर विस्तृत चर्चा हुई व संबंधित ज्ञापन सौंपा गया। जिले से गुजर रही टाटा पॉवर बीकानेर निमराना लाइन तथा बीकानेर निमराना (पावरग्रिड)से पीड़ित किसानों को उनकी जमीन का मुआवजा एमआरसी गठित करके दिलवाया जाए, जो अभी तक नहीं दिया गया है। उन्होंने बताया कि जिला महेन्द्रगढ़ का किसान एकजुट होकर एक ही मत रखता है कि एमआरसी गठित नहीं की जाती, तब तक जिले से गुजर रही किसी भी एचटी लाइन को आगे नहीं बढ़ने दिया जाएगा। सीकर नरेला, टाटा पॉवर बीकानेर नीमराना, बीकानेर नीमराणा लाइन का कार्य बिना मार्केट रेट तय हुए आगे नहीं बढ़ने दिया जाएगा।


नारनौल। एसडीएम अनिरुद्ध को ज्ञापन सौंपते किसान। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस बैठक में जिला महेंद्रगढ़ से किसान प्रतिनिधि मनोज कुमार (गुढ़ा) के अलावा दाताराम गुर्जर, ओमप्रकाश, विनोद गहली, पुष्पेंद्र, प्रकाश, सहीराम, रामनिवास, उदयभान, हनुमान, स्योराम, सतपाल, हेतराम, रामेश्वर सहित अनेक किसान मौजूद रहे।

### नौकरी दिलाने के नाम पर पांच लाख रुपये की ठगी, केस दर्ज

नारनौल। नौकरी दिलाने के नाम पर पांच लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। आर्थिक अपराध शाखा (इकोनोमिक सैल) की जांच के बाद थाना शहर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में पीड़ित भिवानी के हालुवास गेट, रेलवे फाटक के पास निवासी धर्मबीर यादव ने बताया कि गांव फैजलीपुर (कादीपुर) निवासी हरपाल सिंह ने उनके पोते को रेलवे में नौकरी दिलाने का झांसा दिया। इसके एवज में आरोपित ने उनसे करीब 5 लाख रुपये ले लिए। आरोप है कि न तो पोते को नौकरी दिलाई गई और न ही पैसे वापस किए गए। पीड़ित ने बताया कि इस संबंध में उन्होंने 27 अगस्त 2025, 11 दिसंबर 2025 और 5 जनवरी 2026 को भी शिकायत दी थी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने मुख्यमंत्री कार्यालय तक गुहार लगाई। इस मामले की जांच आर्थिक अपराध शाखा नारनौल को सौंपी गई है। जांच अधिकारी एसआई युद्धवीर सिंह ने दोनों पक्षों को नोटिस जारी किए। शिकायतकर्ता जांच में शामिल हुआ और अपने आरोपों की पुष्टि के लिए गवाह भी पेश किए। वहीं आरोपित हरपाल सिंह बार-बार नोटिस भेजे जाने के बावजूद जांच में शामिल नहीं हुआ और न ही फोन रिसीव कर रहा है। जांच में सामने आया कि आरोपित ने नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी करते हुए 5 लाख रुपये लिए।

# पुलिस टीम ने चलाया विशेष नशा मुक्ति अभियान, 78 नशेड़ियों का कराया इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धारूहेड़ा

जिला पुलिस ने युवाओं व आमजन को नशे से दूर रहने और खेलों से जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया हुआ है। पुलिस की नशा मुक्त टीम रोजाना डोर टू डोर सम्पर्क करके लोगों को नशे के विरुद्ध जागरूक कर रही है। अभियान के तहत पुलिस की नशा मुक्त टीम ने शुक्रवार को गवर्नमेंट स्कूल गांव खरखड़ा में विद्यार्थियों व आमजन को नशे से दूर रहने तथा शिक्षा व खेलों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सभी को नशा न करने की शपथ भी दिलाई। शुक्रवार को पुलिस टीम ने एक नशा पीड़ति व्यक्ति की पहचान भी की। अभियान के दौरान नशा मुक्ति टीम अब तक नशे से पीड़ति 261 लोगों की पहचान कर चुकी है तथा टीम ने 78 नशा पीड़तिों का इलाज कराया है। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि नशा एक ऐसी बुराई है, जिससे व्यक्ति का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले युवा पीढ़ी को नशे से बचाना होगा। उन्होंने कहा कि पुलिस के अभियान से प्रेरित होकर जहां युवा शिक्षा और खेल गतिविधियों की ओर अग्रसर हो रहे हैं।


रेवाड़ी। विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभाव बताते हुए पुलिस टीम। फोटो : हरिभूमि

### सीबीएसई दसवीं परीक्षा में राज स्कूल के विद्यार्थियों ने रचा इतिहास



रेवाड़ी। राज इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई दसवीं में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम दिया है। शुक्रवार को विद्यार्थियों की सफलता पर स्कूल में जश्न मनाया गया। छात्रा समीक्षा ने 99.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर न केवल स्कूल टॉप किया, बल्कि अखिल भारतीय स्तर पर 5वां स्थान हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। वही छात्रा पूर्वा ने 98.4, नायसा ने 98, कोमल ने 97, विदुषी यादव ने 97, सोनिका ने 97, आराध्या, यशस्वी राव, उत्कर्ष, भूमि सिंह, रितिका व नव्या यादव ने 96.6, गौरवी राव व तनिष्का ने 96, विवेक, प्रियांशी राव और परितोष ने 95.8, उपासना ने 95.4, नव्या यादव और गीतिका सैनी ने 95.2 तथा कीर्ति यादव ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा को साबित किया। विद्यालय के चेयरमैन राजेंद्र सैनी ने शानदार परीक्षा परिणाम पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह बच्चों की कड़ी मेहनत और शिक्षकों के सही मार्गदर्शन का परिणाम है। स्कूल निदेशक नवीन सैनी, जितेंद्र सैनी, हेमंत सैनी, कार्यकारी निदेशिका अन्नू सैनी और प्रधानाचार्य कुलदीप जांगिड़ ने सभी सफल विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई दी।

# शिक्षकों व विद्यार्थियों को बाल विवाह रोकने की दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकने के लिए प्रशासन अलर्ट मोड में है। पिछले एक सप्ताह से लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है। डीसी अभिषेक मीणा ने अक्षय तृतीया पर विवाह कराने वाले पुजारी, पाठी, गांव के पंच, सरपंच, नंबरदार व शहरों में नगर पार्षदों एवं सामुदायिक केंद्र, सार्वजनिक भवन, बैंकट हाल, मैरिज पैलेस व धर्मशाला प्रभारियों, कार्ड प्रिंटिंग, फोटोग्राफर, बैंड बाजा व टेंट हाउस संचालकों को अपने क्षेत्र में आयोजित होने वाले विवाह समारोह के संबंध में पहले से दूल्हा व दुल्हन के आयु प्रमाण पत्रों की जांच करने के निर्देश दिए है। शुक्रवार को राजकीय महाविद्यालय बावल में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सहायक संरक्षण अधिकारी प्रमोद कुमार ने विद्यार्थियों को बाल विवाह रोकने की शपथ दिलाते हुए दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के अनुसार कानूनन अपराध है। उन्होंने बाल विवाह के आयोजन के संबंध में जिला प्रशासन, सरपंच, पार्षद व पुलिस को सूचना अवश्य दें, ताकि समय रहते बाल विवाह होने से रोका जा सकें। इस अवसर पर विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य मौजूद थे।


रेवाड़ी। कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि


रेवाड़ी। कोसली अनाज मंडी में खुले में पड़ा गेहूं। फोटो : हरिभूमि

# मंडियों में गेहूं की आवक धीमी उठान न होने से बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी/कोसली

शुक्रवार दोपहर बाद मौसम बदलने से हुई बूंदाबांदी शुरू हो गई। अनाजमंड़ियों में खरीदी गई फसल का उठान कार्य धीमा होने के कारण काफी अनाज खुले में पड़ा हुआ है। शाम तक आसमान में बरसात के बादल छाए हुए थे। मंडी में जगह नहीं होने के कारण पिछले तीन-चार दिन से आवक भी धीमी चल रही है। कोसली अनाज मंडी में शुक्रवार को भी गेहूं की आवक धीमी रही। शुक्रवार को 2550 क्विंटल गेंहू के 87 गेटपास जारी किए गए। मार्केट कमेटी के सचिव विकास कुमार ने बताया कि मंडी में अब तक 290661 क्विंटल गेंहू की आवक हो चुकी है तथा 6290 गेट पास जारी किए जा चुके हैं।

वेयरहाउस के खरीद अधिकारी जगदीश बांगड़ ने बताया कि कोसली मंडी में शुक्रवार शाम तक 244037 क्विंटल गेंहू की खरीद हो चुकी है। मंडी में शुक्रवार शाम तक 10150 क्विंटल गेंहू की खरीदा गया। मंडी से 113919 क्विंटल का उठान हो चुका है, जबकि करीब सवा लाख क्विंटल गेंहू का उठान होना बाकी है। कोसली मंडी में सरसों की अब तक 10394 क्विंटल आवक हुई है।

**उफ ये गर्मी** | तापमान पहुंचा 41 डिग्री के पार, अभी और सताएगा मौसम का मिजाज

# पारा चढ़ने से छूटे पसीने, दोपहर बाद बूंदाबांदी से उमस ने किया परेशान

### आज फिर आंशिक बादल छाने की संभावना, तापमान में कमी के आसार नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

लगातार पारा चढ़ने से अब गर्मी ने अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए है। दिन के साथ रात का तापमान भी वृद्धि की ओर अग्रसर हो रहा है। आगामी दिनों में अब लोगों को भीषण गर्मी से रूबरू होना होगा। शुक्रवार को सुबह से मौसम साफ रहने के बाद गर्मी ने लोगों के पसीने छुड़ाने का काम किया। दिन के तापमान में मामूली वृद्धि दर्ज की गई। वहीं रात का तापमान वीरवार की अपेक्षा तीन डिग्री सेल्सियस ज्यादा रहा। दोपहर बाद आसमान में बरसात के बादल छाने के बाद हुई बूदांबांदी ने गर्मी से कुछ राहत देने का काम किया, लेकिन इसके बाद उमस ने फिर से पसीने छुड़ाने शुरू कर दिए। शहर में देर शाम तक बरसात के बादल छाए रहे।

शुक्रवार को अधिकतम तापमान 0.5 डिग्री की वृद्धि के साथ 41.5 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। न्यूनतम तापमान 3.2 डिग्री की बढ़ोतरी के साथ 21.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। गत वर्ष 17 अप्रैल को अधिकतम तापमान 42 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। हवा में नमी का स्तर 22 प्रतिशत तक रहा। पहले पखवाड़े में बार-बार बारिश के कारण मौसम का मिजाज ठंडा बना हुआ था। तापमान सामान्य से काफी कम चल रहा था। अब तापमान बढ़ना शुरू हो गया है। गर्मी ने पसीना छुड़ाना शुरू कर दिया है। एसी और पंखे लगातार चल रहे हैं। रात के समय भी गर्मी का असर बढ़ गया है। मौसम विभाग के अनुसार कमजोर पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते आगामी दो-तीन दिन तक आंशिक या घने बादल छा सकते हैं। छिटपुट बूंदाबांदी भी हो सकती है, लेकिन तापमान में गिरावट की कोई संभावना नहीं है।


रेवाड़ी। शहर में दोपहर बाद छाए बरसात के बादल। फोटो : हरिभूमि

### बढ़ने लगी बिजली की डिमांड

गर्मी बढ़ने के साथ ही एसी, कूलर और पंखों का इस्तेमाल बढ़ गया है। गर्म हवाएं भी अभी से चलनी शुरू हो गई हैं। इससे बिजली का लोड भी बढ़ने लगा है। बिजली की दैनिक खपत बढ़कर 75 लाख यूनिट तक पहुंच गई है। आने वाले दिनों में यह 80 लाख यूनिट के पार पहुंचने वाली है। खपत बढ़ने पर लोगों को पीक अवर्स में पावर कटों का सामना भी करना पड़ सकता है।

### ट्रैक्टर की चपेट में आकर युवक की मौत

रेवाड़ी। गांव अहरोद में वीरवार देर सायं बनवारा निकलने के दौरान तूड़ी से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली की चपेट में आकर युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। गांव के एक युवक सोनू की शादी को लेकर बनवारा निकाला जा रहा था। बनवारे के दौरान एक युवक योगेश भी वहां मौजूद था। इसी दौरान तूड़ी से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली वहां से गुजर रही थी। योगेश ट्रॉली के टायर के नीचे आ गया। इससे वहां मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने योगेश को ट्रॉली के नीचे से निकालकर शहर के एक प्राइवेट अस्पताल पहुंचाया, जहां उसने दम तोड़ दिया।

**सूचना**

मैं, कुलदीप सिंह पुत्र श्री राजबीर सिंह निवासी नाहड़ रोड़, भाकली-2 तह० कोसली जिला रेवाड़ी हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र शिवम का व्यवहार मेरे साथ ठीक नहीं है। वह मेरे कहने व सुनने से बाहर है तथा अपनी मनमानी करता है। मैं अपने पुत्र शिवम को अपनी चल-अचल सम्पति से बेदखल करता हूं। यदि कोई व्यक्ति उसके साथ लेन देन करता है तो उसके लिये वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी कोई जिम्मेदारी नही होगी।

### डीटीपी की लगातार चल रही कार्रवाई के बावजूद बाज नहीं आ रहे कॉलोनाइजर व डीलर

# अलावलपुर में तीन एकड़ में विकसित हो रही अवैध कॉलोनी पर चला बुलडोजर





रेवाड़ी। अलावलपुर में अवैध कॉलोनी का निर्माण तोड़ती जेसीबी तथा अवैध निर्माण तोड़ती जेसीबी फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

डीटीपी विभाग की टीम ने शुक्रवार को धारूहेड़ा क्षेत्र की राजस्व सीमा में अवैध निर्माणों पर तोड़फोड़ की कार्रवाई की। डीटीपी की कार्रवाई से प्लॉटिंग करने वाले लोगों में हड़कंप मच गया। पुलिसबल की मौजूदगी में डीटीपी की कार्रवाई का कहीं विरोध नहीं हुआ। डीटीपी की लगातार कार्रवाई के बाद भी कॉलोनाइजर व डीलर नई कॉलोनियां विकसित करने में लगे हुए हैं। डीटीपी के निर्देश पर शुक्रवार को पुलिसबल व ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ टीम धारुहेड़ा से नंदरामपुर बास रोड स्थित गांव अलावलपुर की सीमा में पहुंची। जहां डीटीपी की टीम ने करीब 3 एकड़ जमीन पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी का जमींदोज कर दिया। डीटीपी ने कहा कि जिले में अवैध प्लाटिंग व निर्माण करने वालों पर यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

## कॉलोनाइजरों को अवैध कार्य बंद करने की चेतावनी

गांव अलावलपुर की राजस्व सीमा में डीटीपी की ओर से करीब 3 एकड़ में विकसित हो रही अवैध कॉलोनी पर तोड़फोड़ की कार्रवाई की गई। टीम ने कॉलोनी में 18 डीपीपी, 2 चारदीवारी और कच्चे रोड नेटवर्क को समतल कर दिया। पुलिस बल की मौजूदगी के चलते डीटीपी की इस कार्रवाई का कोई विरोध नहीं हुआ। इस दौरान लोगों की काफी भीड़ जमा रही। डीटीपी ने कॉलोनाइजरों व डीलरों को चेतावनी देते हुए कहा कि वे अवैध कॉलोनियां विकसित करने से बाज आए, अन्यथा और भी ठोस कार्रवाई की जाएगी।

## प्रॉपर्टी डीलरों के चंगुल में न फंसे : सिहाग



डीटीपी मंदीप सिहाग ने कहा कि विभाग की ओर से ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी, जिन्होंने अनियमित कॉलोनियों में निर्माण किए हैं। डीटीपी ने कहा कि लोगों को बार-बार यह बताया जाता है कि वह प्लॉट खरीदने से पहले उनके कार्यालय में आकर पूछताछ जरूर करें। लोग प्रॉपर्टी डीलरों में चंगुल में फंसकर अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदते हैं। जब वह निर्माण शुरू करते हैं, तो विभाग की ओर से उन्हें गिराने की कार्रवाई की जाती है। इससे प्लॉट खरीदकर निर्माण करने वाले लोगों को दोहरा नुकसान उठाना पड़ता है। लोगों को चाहिए कि वह नियमित कॉलोनियों में ही प्लॉट या मकान खरीदें, ताकि उन्हें आर्थिक नुकसान का सामना नहीं करना पड़े।

## खबर संक्षेप



### कृतिका शर्मा बनीं स्कूल टॉपर

**बावल।** बावल क्षेत्र गांव दुल्हेड़ा स्थित विमल हृदय कान्वेंट स्कूल का सीबीएसई दसवीं का परिणाम शत प्रतिशत रहा। स्कूल संचालक ने बताया कि कृतिका शर्मा ने 99.2 प्रतिशत अंक हासिल करके विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि अंशिका ने 97 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा और निधि यादव ने 95 प्रतिशत अंक हासिल करके विद्यालय में तीसरा स्थान हासिल करके स्कूल व परिवार का नाम रोशन किया। विद्यालय के 22 बच्चों ने मेरिट हासिल की। बेहतर परिणाम को लेकर स्कूल प्रबंध की ओर से विद्यार्थियों की रैली निकाली गई, जिसमें छात्राओं का स्वागत किया गया। स्कूल की प्रधानाचार्य सिस्टर बेसीलिया मैरी, उपप्रधानाचार्य सिस्टर ग्रेसी मैरी व मैनेजर मर्सिना मैरी ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। स्कूल में विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर सभी शिक्षक मौजूद थे।



### विद्यार्थियों ने बाल विवाह निषेध और घरेलू हिंसा पर किया नुक्कड़ नाटक का मंचन

**रेवाड़ी।** दिल्ली रोड पुलिस लाइन स्थित डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में सीबीएसई के दिशा-निर्देशों के अंतर्गत सप्ताह भर जागरूकता कार्यक्रम एवं रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस दौरान कक्षा पांचवीं से कक्षा-सातवीं तक के विद्यार्थियों के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई, वहीं कक्षा आठवीं से बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए स्लोगन राइटिंग एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता काआयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों की ओर से बाल विवाह निषेध और घरेलू हिंसा रोको जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। कक्षा नौवीं की छात्रा ओजस्विनी ने विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों बाल विवाह के खिलाफ आवाज उठाने की शपथ दिलाई और समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।



### स्वास्थ्य और नेत्र जांच शिविर का 500 लोगों ने उठाया लाभ, दी दवाइयां

**मीरपुर।** इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय में यूथ रेडक्रॉस के तत्वावधान में निःशुल्क स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डा. सुमन यादव ने शिरकत की। शिविर में डा. आरबी यादव अस्पताल से डा. दीपक, तेजपाल व पायल की विशेषज्ञ टीम ने सेवाएं प्रदान की। कार्यक्रम का आयोजन यूथ रेडक्रॉस इकाई समन्वयक प्रो. समृद्धि तंवर के मार्गदर्शन में किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि डा. सुमन यादव ने विद्यार्थियों को मानसिक, शारीरिक एवं सामाजिक स्वास्थ्य के महत्व से अवगत कराते हुए संतुलित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। शिविर में 500 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। डा. प्रियंका रंगा ने डॉक्टरों की टीम का धन्यवाद किया। इस अवसर पर डा. भारती, डा. पवन, डा. ऋतु, डा. आरती, डा. विक्रांत, डा. नवनीत, यूथ रेडक्रॉस स्वयंसेवक यादवेंद्र, हेमंत, अनीता, अंकित और रोहित सहित अनेक विद्यार्थी उपस्थित थे।

### ब्रह्मगढ़ में 19 को धूमधाम से मनाया जाएगा भगवान परशुराम जन्मोत्सव

**रेवाड़ी।** ब्राह्मण सभा की ओर से ब्रह्मगढ़ में अक्षय तृतीया पर भगवान परशुराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। सभा के प्रधान चन्द्रशेखर गौतम ने बताया कि रविवार 19 अप्रैल को प्रातः 6 बजे प्रभात फेरी और 8 बजे हवन का आयोजन किया जाएगा। हवन के उपरांत दोपहर 12 बजे से भंडारे प्रसाद का वितरित होगा। सभा के उपप्रधान दीपक मुदगिल एडवोकेट, महासचिव जयकुमार कौशिक, कोषाध्यक्ष खुशहाल शर्मा, सहसचिव संदीप भारद्वाज, मैनेजर हेमंत भारद्वाज, दीपक शर्मा, कार्यालय मंत्री दिनेश वशिष्ठ व महेश वशिष्ठ, प्रेस सचिव रमेश वशिष्ठ, कार्यकारिणी सदस्य भूपेंद्र भारद्वाज, सुरेश शर्मा, सुभाष शर्मा व सुरेंद्र शर्मा ने समाज लोगों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### चेक बाउंस के मामले में फरार उद्घोषित अपराधी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** मॉडल टाउन थाना पुलिस ने अदालत की ओर से उद्धघोषित एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। पीएसआई सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि मोहल्ला हंस नगर धारूहेड़ा निवासी आरोपी अनिल काफी दिनों से चेक बाउंस के मामले में अदालत में पेश नहीं हो रहा था, जिस पर अदालत ने उसे पीओ घोषित कर दिया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना मॉडल टाउन में अलग से अभियोग धारा 209 बीएनएस के तहत भी मामला दर्ज किया था। पुलिस ने वीरवार को मामले में संलिप्त आरोपी अनिल को गिरफ्तार कर लिया है।

## बौद्धिक संपदा के निर्माण और विकास में विश्वविद्यालयों व उद्योगों की बताई भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मीरपुर

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय ने बौद्धिक संपदा अधिकार प्रकोष्ठ, कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विभाग और भौतिकी विभाग के माध्यम तथा भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग के सहयोग से राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा जागरूकता मिशन के तत्वावधान में ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का विषय 'बौद्धिक संपदा अधिकार की मूल बातेंः ज्ञान अर्थव्यवस्था की नींव' रहा। कार्यशाला में 250 से अधिक छात्रों, शोधकर्ताओं और संकाय सदस्यों ने भाग लिया। कुलपति प्रोफेसर असीम मिगलानी के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यशाला का उद्घाटन विवि के कुलसचिव प्रोफेसर दिलबाग सिंह ने किया। उन्होंने राष्ट्रीय विकास को गति देने और ज्ञान-आधारित अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने में बौद्धिक संपदा अधिकारों के बढ़ते महत्व पर जोर दिया। अधिष्ठाता शैक्षणिक मामले प्रो. सुनील कुमार ने वैश्विक बौद्धिक संपदा अधिकारों के क्षेत्र में भारत की लगातार बढ़ती स्थिति को रेखांकित किया। मुख्य वक्ता यासिर अब्बास जैदी ने बौद्धिक संपदा के निर्माण और विकास में विश्वविद्यालयों और उद्योगों की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल दिया। उन्होंने अपने पेशेवर अनुभव से वास्तविक जीवन के उदाहरण देते हुए पेटेंट, औद्योगिक डिजाइन और भौगोलिक संकेत सहित आईपीआर के विभिन्न रूपों पर चर्चा की। डा. कविता यादव ने कार्यशाला का संचालन किया। आईपीआर सेल की सहायक निदेशक डा. भारती ने सभी का आभार व्यक्त किया।



रेवाड़ी। कार्यशाला में मौजूद कुलसचिव व स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

### ये थे शामिल

कार्यशाला में समन्वयक प्रो. सतिंदर बल, सह-समन्वयक डा. नवीन कुमार, डा. संगीता यादव, डा. उद्भास चट्टोपाध्याय, डा. मनोज कुमार और डा. अजय कुमार सहित आईजीयू के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्य व शोधार्थी शामिल थे।

### आओ चलें संयुक्त परिवार की ओर कार्यक्रम 19 को

**रेवाड़ी।** हमारा परिवार संस्था के तत्वावधान में 19 अप्रैल को पंजाबी धर्मशाला में 'आओ चलें संयुक्त परिवार की ओर' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। संस्था के संयोजक दिनेश कपूर ने बताया कि पंचनद सभा के जिला प्रधान केशव चौधरी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि तथा आशियाना वृद्धाश्रम के अध्यक्ष दिनेश राजपाल विशिष्ट अतिथि रहेंगे। संस्था की ओर से रूपेश वर्मा, स्वर्णकार जिला सभा के पीओएसडी कुलदीप सोनी व अन्तरराष्ट्रीय ताइक्वांडों प्लेयर रविकांत शर्मा का अभिनन्दन किया जाएगा।

### हुड़दंग करने पर दो आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** मॉडल टाउन थाना पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर गाली-गलौच व हुड़दंग बाजी करके आम जनता की शांति भंग करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान राजस्थान के जिला सीकर के गांव कुईकी माहवा निवासी विशन सिंह व राजस्थान के जिला झुंझुनु के गांव कासनी निवासी विजेन्द्र सिंह के रूप में हुई है। गत 16 अप्रैल को पुलिस को सूचना मिली थी कि अनाज मंडी रेवाड़ी के पास दो व्यक्ति आपस में गाली-गलौज करके सरेआम आम जनता की शांति को भंग कर रहे है। सूचना पर पुलिस ने मौके से आरोपियों को काबू कर लिया।

## कांग्रेसियों का जनसमस्याओं के समाधान को लेकर प्रदर्शन

- राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन मार्केट कमेटी के सचिव से किसानों की समस्याओं के समाधान करने का आग्रह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण की ओर से शुक्रवार को जनसमस्याओं का समाधान कराने, गैस की किल्लत को खत्म कराने, गैस की कीमत को कम कराने, जनकल्याणकारी योजनाओं को लागू कराने व किसानों को ओलावृष्टि में हुए नुकसान का तुरंत मुआवजा दिलाने की मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन करके जिला उपायुक्त को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इससे पहले कांग्रेसियों ने हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह यादव के नेतृत्व में राजीव चौक के पास धरना दिया। धरने की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष सुभाष छावड़ी ने की। कांग्रेसी कार्यकर्ता राजीव चौक से महंगाई के विरोध में प्रदर्शन करते लघु सचिवालय पहुंचे और डीसी को ज्ञापन सौंपा। इसके बाद कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष राव नरेन्द्र सिंह ने कार्यकर्ताओं के साथ अनाजमंडी का दौरा किया और फसल खरीद का जायजा लेकर किसानों की समस्याओं को सुना। उन्होंने मार्केट कमेटी के सचिव मनीष कुमार से किसानों की समस्याओं के समाधान करने का आग्रह किया। इस मौके पर प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि प्रशासन मंडी में आने वाले किसानों की सभी सुविधाओं को ध्यान रखे ताकि उन्हे परेशानी न उठानी पड़े।





रेवाड़ी। डीसी को ज्ञापन देने जाते कांग्रेसी कार्यकर्ता तथा अनाजमंडी में फसल खरीद का जायजा लेते कांग्रेसी। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

शहरी प्रधान प्रवीण चौधरी, पूर्व मंत्री जसवंत सिंह, दीवान सिंह चौहान, हरीश सैनी, शकुंतला रमेश ठेकेदार, विनोद गोला, अजीत तोंगड़ रामफल कोसलिया, पूर्ण पहलवान, चरण सिंह, बिरसिंह, जवान सिंह, समय सिंह, ओमप्रकाश डाबला, जिले सिंह, रेखा दहिया, सरिता शेखावत, प्रेमलता, मनीषा यादव, दिनेश ठेकेदार, महेंद्र छाबड़ा, कृष्ण, मनोज यादव, ज्ञानी यादव, सीए आशीष यादव, प्रताप, दारा सिंह, भोपाल, ब्रह्मदत्त, प्रदीप यादव, फतेसिंह, बलबीर सिंह, पप्पू पहलवान, दिनेश, सतीश प्रधान, मांगेराम, देवकीनंदन प्रधान, धारी अरोड़ा, अजय चौकन, मनोज यादव, सुरेश, राजेश, महेंद्र, पवन स्वामी, रामसिंह, ललित अग्रवाल, सूरत सिंह, रणबीर, हेमंत व विजय शर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

**जागरूक** अक्षय तृतीया पर होने वाले सामूहिक विवाह में बाल विवाह होने की संभावना

## बाल विवाह की रोकथाम में प्रशासन के साथ समाज भी निभाए भागीदारी




रेवाड़ी। कार्यक्रम में मौजूद बावल क्षेत्र के गणमान्य नागरिक। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल

अक्षय तृतीया के अवसर पर लोगों की ओर से बड़ी संख्या में शादी समारोह का आयोजन किया जाता है,जिसकी आड़ में बाल विवाह होने का अंदेशा भी बना रहता है। बाल विवाह रोकने और इसके दुष्प्रभावों से अवगत कराने के लिए बावल नगर पालिका में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि जिला नगर आयुक्त ब्रह्मप्रकाश ने लोगों को जागरूक करते हुए बाल विवाह मुक्त भारत की शपथ दिलाई। डीएमसी ब्रह्मप्रकाश ने कहा कि 19 अप्रैल अक्षय तृतीया पर होने वाले सामूहिक विवाह में बाल विवाह होने की संभावना होती है। बाल विवाह की रोकथाम के लिए प्रशासन के साथ समाज के सभी वर्गों की भागीदारी भी जरूरी है। उन्होंने बताया कि बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के अनुसार कानूनन अपराध है।

उन्होंने कहा कि बाल विवाह के आयोजन के संबंध में पुलिस थाना, चौकी, आंगनबाड़ी वर्कर, डब्ल्यू सीडीपीओ, बाल संरक्षण अधिकारी, डीपीओ, महिला एवं बाल विकास, एसडीएम, बीडीपीओ, तहसीलदार, सीटीएम, पुलिस अधीक्षक,बाल विवाह निषेध अधिकारी व पुलिस कंट्रोल रूम के हेल्पलाइन नंबर 112, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 तथा महिला हेल्पलाइन नंबर 181 पर दी जा सकती है।

### झूठी शिकायत पर होगी सख्त कार्रवाई

जिला संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी सरिता शर्मा ने बताया कि विवाह के लिए लड़की की शादी की उम्र 18 वर्ष व लड़के की शादी की उम्र 21 वर्ष निर्धारित की गई है। नियम के तहत बाल विवाह के आयोजन में भागीदार सभी लोगों पर कानूनी कार्यवाही किए जाने का भी प्रावधान है, जिसके तहत 2 साल की जेल व एक लाख रुपए तक जुर्माना हो सकता है। उन्होंने कहा कि झूठी शिकायत करने वाले व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी।

## 6.43 करोड़ से बनने वाले जलघर की रखी आधारशिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

कोसली विधायक अनिल यादव ने शुक्रवार को गांव मोतला कलां में 6 करोड़ 43 लाख रुपए की लागत से बनने वाले जलघर की आधारशिला रखी। इस मौके पर विधायक ने कहा कि गांव मोतला कलां में जलघर के बनने से साथ लगते गांव काहड़ी में भी जलापूर्ति दी जाएगी। नया वाटर वर्क्स के बनने से लोगों को पीने का पर्याप्त पानी मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि मोतला कलां से बालधन कलां गांव तक मार्केटिंग बोर्ड की ओर से 1.19 करोड़ रुपए की लागत से लिंक रोड का निर्माण कराया जा रहा है। गांव में 11 लाख रुपए की लागत से एक सभागार का निर्माण भी कराया जा रहा है। 55 लाख रुपए की लागत से सब हेल्थ सेंटर बनाया जा रहा है। इसके अलावा 12 लाख रुपए खर्च कर एक आंगनबाड़ी केंद्र सहित 8 करोड़ 40 लाख रुपए के विकास कार्य गांव मोतला कलां में कराए जा रहे है। विधायक अनिल यादव ने कहा कि क्षेत्र के एक-एक गांव में डिमांड के अनुसार विकास परियोजनाएं मंजूर कराकर काम शुरू कराया जा रहा है। आने वाले समय में यह क्षेत्र उन्नति की दृष्टि से और आगे बढ़ेगा।

### ये रहे मौजूद

जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कार्यकारी अभियंता अशोक यादव, चेयरमैन कर्णपाल, चेयरमैन प्रतिनिधि प्रवीन कुमार, वाइस चेयरमैन विक्रम सिंह, प्रकाश, विक्रम पांडे, चंद्रप्रकाश, बीडीसी मेंबर जसबीर, सुनील, रमेश ओलांत, राजपाल नंबरदार, राममेहर व सरपंच राहुल सहित सैंकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।



रेवाड़ी। कार्यक्रम में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक अनिल यादव।